# बुंदेलखंड को मिला एक और एक्सप्रेसवे



**115** किलोमीटर लंबा लिंक एक्सप्रेस वे नए शहर बीडा से जुड़ जाएगा

- जालौन और झांसी भी जुड़ेंगे, इससे चित्रकूट में रक्षा उद्योगों को भी लाभ

लखनऊ, विसं। बुंदेलखंड को एक और एक्सप्रेसवे की सौगात मिलेगी। यहां 115 किमी का नया लिंक एक्सप्रेसवे बनाने की तैयारी है। यह बुंदेलखंड में बन रहे नए शहर से एक्सप्रेसवे को जोड़ेगा।

उत्तर प्रदेश औद्योगिक एक्सप्रेसवे प्राधिकरण (यूपीडा) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। यह एक्ससप्रेसवे जालौन से झांसी तक बनेगा। झांसी के पास बीडा नोएडा की तर्ज पर नया औद्योगिक शहर विकसित कर रहा है। योगी सरकार नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड के झांसी के पास नया शहर बनाने जा रही है। ऐसे में नए उद्योगों के आने से नए शहर, झांसी को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जोड़ना जरूरी है, इसलिए जालौन के पास से नया लिंक एक्सप्रेसवे शुरू होगा। परियोजना से डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के चित्रकूट, झांसी नोड में रक्षा उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

हरदोई–इटावा पर काम तेज P02